21.07.2021

आज दिनांक 21.7.2021 को आई क्यू ए सी समिति की आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें निम्नांकित संकाय सदस्यों ने भाग लिया —

1. डॉ पूरण मल मीना — [signature]
2. डॉ सूर्य प्रकाश नापित — [signature]
3 श्री राम लाल मीना [signature]
4 डॉ पांचाली शर्मा — [signature]
5 डॉ हरिचरण मीना — [signature]
6 डॉ हनुमान प्रसाद मीना — [signature]
7. डॉ लक्ष्मण मीना — [signature]
8 डॉ राजेश गुप्ता — [signature]
9 श्री राज सिंह कुशवाहा — [signature]

सर्वप्रथम संयोजक डॉ पूरणमल मीना ने सभी सम्मानीय संकाय सदस्यों का स्वागत किया एवं पूर्व बैठक के लिए गये निर्णयों की समीक्षा की गई जिनमें महाविद्यालय में लघु वाटिका का निर्माण एवं उसकी तारबन्दी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। महाविद्यालय के लगभग सभी संकाय सदस्यों का कोविड टीकाकरण हो चुका है। समय समय पर दोनों परिसरों को सेनेटाइज करवाया जा रहा है। लगभग सभी संकाय सदस्यों ने यूट्यूब एवं व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से व्याख्यान अपलोड किये हैं आशानुरूप सफलता मिली है। वैश्विक महामारी से लगभग मुक्ति प्राप्त हो चुकी है एवं शैक्षणिक सत्र समय से प्रारम्भ होने की उम्मीद है। महाविद्यालय के दोनों परिसरों में सफाई कार्य एवं अनावश्यक उगी झाड़ियों एवं कटीले पेड़ो को हटा दिया गया है। महाविद्यालय का सौन्दर्यकरण प्रगति पर है—

21-7-2021

बैठक में समस्त स्टाफ के लिए सुविधायुक्त स्टाफरूम का अभाव होने के कारण स्मार्ट कक्ष से पहले कक्ष को सुविधा सम्पन्न स्टाफ रूम के रूप में विकसित करवाने का प्रस्ताव प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

महाविद्यालय के दक्षिणी परिसर में स्थित पुस्तकालय में वाचनालय का निर्माण कार्य जो कि प्रक्रियाधीन है को समय पर पूर्ण करवाया जाकर पुस्तकालय को उत्तरी परिसर से दक्षिणी परिसर में स्थानान्तरित करवाये जाने के लिए प्राचार्य को प्रस्ताव दिये जाने का निर्णय किया गया।

सभी पी.जी. विभागों को वर्चुअल सेमीनार आयोजन करवाने के निर्देश दिये जाने का निर्णय किया गया।

नवाचार से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया।

अन्त में सभी सदस्यों का उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर मीटिंग के समापन की घोषणा की गई।

23.11.2021

आज दिनांक 23.11.2021 को आई.क्यू.ए.सी. समिति की एक आवश्यक बैठक महाविद्यालय के दक्षिणी परिसर स्थित स्मार्ट क्लास रूम में आहूत की गई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे -

1. डॉ. पूरणमल मीणा संयोजक -
2. डॉ. सूर्य प्रकाश नागित -
3. डॉ. जय कुमार सिंहल -
4. श्री राम लाल बैरवा -
5. डॉ. पाँचाली शर्मा -
6. डॉ. लखपत मीणा -
7. डॉ. राजेश गुप्ता -
8. श्री राजसिंह कुशवाहा -

सर्वप्रथम संयोजक महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया एवं पूर्व की बैठकों में लिए गये प्रस्तावों के क्रियान्वयन पर खुशी प्रकट की गई।

मीटिंग में महाविद्यालय के दक्षिणी परिसर स्थित उद्यान के पेड़ों की कटाई छँटाई एवं अपेक्षित रख रखाव की आवश्यकता महसूस की गई एवं महाविद्यालय में एक वानस्पतिक-उद्यान विकसित किये जाने की आवश्यकता महसूस की। छात्र छात्राओं को इस उद्यान के माध्यम से अध्ययन में अपेक्षित सहयोग प्राप्त हो सकेगा।

संयोजक के अनुसार स्थानीय महाविद्यालय - जिले का मोडल - महाविद्यालय है अतः जिले के अन्य महाविद्यालयों की 'नैक' से सम्बन्धित तैयारी की जानकारी महाविद्यालय के 'ईच वन रीच वन' कार्यक्रम के तहत ली जावे एवं आवश्यक सुझाव भी प्रेषित किए जाएँ। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय से नियमित अन्तराल पर DRPC & RPCE की मीटिंग करते रहने का - आग्रह किया जाए।

महाविद्यालय के दक्षिणी परिसर में छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ के लिए निर्धारित स्थान पर साइकिल, वाहन

Scanned with CamScanner

23. 11. 2021

स्टैण्ड का विस्तार किया जाए। जिससे परीक्षा के दौरान उत्पन्न भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। महाविद्यालय में चौकीदार की प्रभावी ड्यूटी लगायी जाए।

महाविद्यालय में लैब असिस्टेंट एवं लैब बवाय के पद रिक्त चल रहे हैं अतः किसी नियोजन्ता फर्म से प्रयोगशालाओं के उचित रख रखाव हेतु प्रयोगशाला सहायक के रूप में संविदा कार्मिकों की नियुक्ति की जाए।

दादीजी परिसर एवं कन्या महाविद्यालय के मध्य भूमि का सीमांकन करवाते हुए पक्की दीवार अथवा तार फैंसिंग की जावे जिससे बाह्य असामाजिक तत्वों के अनावश्यक प्रवेश पर रोक लगे।

शैक्षणिक गुणवत्ता बनाये रखने हेतु सभी कक्षा के विद्यार्थियों के मासिक टेस्ट लिए जाएँ। प्राचार्य से मिलकर इस कार्य को प्राथमिकता से सम्पन्न करवाया जाए।

छात्र-छात्राओं को अतिथि व्याख्यानों के माध्यम से लाभान्वित किया जाए। सत्र में नियमित अंतराल पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किए जाते रहें। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित वेबिनार आदि का एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए।

महाविद्यालय में खेलकूद सप्ताह का आयोजन किया जाए एवं सांस्कृतिक सप्ताह का भी आयोजन किया जाए। प्रतिभाओं को पुरस्कृत भी किया जाए। अन्त में सभी का बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

Scanned with CamScanner